# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२२-२०२३**

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा:-चार** | **विषय: हिंदी** | **पाठ: ६ बिरसा मुंडा** |

## कठिन शब्द

१. स्वाधीन

२. यातनाएँ

३. मांडले

४. देशभक्त

५. न्योछावर

६. स्वतंत्रता

७. आदिवासी

८. बस्तियों

९. झारखंड

१०. साधारण

११. आकर्षित

१२. सिद्धि

१३. जागरूक

१४. क्रांतिकारी

१५. गिरफ़्तार

१६. हथकड़ी

१७. अभियोग

१८. योजनाएँ

१९. सक्रिय

२०. अहिंसा

२१. भूमिगत

२२. मार्गदर्शन

## प्रश्न/उत्तर

प्रश्न १. बिरसा मुंडा पहली बार कब गिरफ़्तार हुए?

उत्तर:- बिरसा मुंडा पहली बार 8 अगस्त 1895 में गिरफ़्तार हुए थे।

प्रश्न २:- अंग्रेज़ों ने बिरसा और उनके साथियों पर क्या आरोप लगाया?

उत्तर:- अंग्रेज़ों ने बिरसा और उनके साथियों पर लूटपाट करने का आरोप लगाया गया और उन्हें दो वर्ष की सजा हो गई|

प्रश्न ३:- मुंडा समाज के लिए कौन- सा दिन खुशी का था?

उत्तर:- 30 नवंबर 1897 को क्रांतिकारी बिरसा जेल से रिहा कर दिए गए। मुंडा समाज के लिए वह दिन बेहद खुशी का था।

प्रश्न ४:- बिरसा मुंडा भूमिगत क्यों हो गए?

उत्तर:- बिरसा मुंडा अहिंसा के पक्ष में थे, अंग्रेजों ने फिर भी उन्हें अपराधी घोषित कर दिया ,इसलिए बिरसा भूमिगत हो गए|

प्रश्न ५:- बिरसा मुंडा की मृत्यु कब और कहाँ हुई थी?

उत्तर:- बिरसा मुंडा की मृत्यु 9 जून 1900 को जेल में हुई थी|

## वाक्य प्रयोग

१. यातना:- (कष्ट)

भारतवासियों को आज़ादी के लिए कई यातनाएँ सहनी पड़ी|

२. चकमा देना:- (बचकर निकल जाना)

चूहा बिल्ली को चकमा देकर बिल में घुस गया।

३. बेहद:- ( बहुत अधिक)

बच्चों में अनुशासन होना बेहद जरूरी है|

४. मार्गदर्शन :- ( रास्ता दिखलाना)

अपने पिता के मार्गदर्शन से मैंने तैरना सीखा |

५. अभियोग:- ( आरोप)

सेठ ने रामू पर चोरी का झूठा अभियोग लगाया |

# रिक्त स्थान

१. स्वाधीनता के लिए देश के कितने ही लोगों ने ना जाने कितने कष्ट सहे|

२. 'मुंडा' एक प्रकार के आदिवासी लोग होते हैं|

३. बिरसा मुंडा का जन्म उलीहातू नामक गाँव में हुआ था|

४. देशभर में आज़ादी की लहर फैलती जा रही थी|

५. बिरसा ने आदिवासियों को एकजुट कर अंग्रेज़ों के विरुद्ध आंदोलन चलाया|